an>

Title:Regarding need to establish a Kendriya Vidyalaya in Pratapgarh parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

कुँवर हरिवंश सिंह (प्रतापगढ़) : मेरे लोक सभा क्षेत्र् प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) के मुख्यालय पर एक भी केन्द्रीय विद्यालय उपलब्ध नहीं है। जनपद की जनसंख्या लगभग 32 लाख व क्षेत्र्फल 3800 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र् में फैला हुआ है। जनपद में एक छोर से दूसरे छोर तक की पहुँच भी लगभग 100 किलोमीटर है। यहां अभिभावक अपने बच्चों को केन्द्रीय स्कूल में ही शिक्षा दिलाना चाहते हैं जो उन्हें उपलब्ध नहीं हो रही है। क्षेत्रीय जनता एवं केन्द्रीय एवं राज्यकर्मियों की मांग पर मैंने पूर्व में भी जिलाधिकारी के माध्यम से एक भूमि का प्राक्कलन व केंद्रीय विद्यालय खोले जाने हेतु माननीय मंत्री जी को पत्र् भी लिखा था।

उक्त परिस्थितियों में कम से कम एक केंद्रीय विद्यालय का निर्माण अति आवश्यक है, क्योंकि पड़ोसी व अन्य जनपदों के केंद्रीय विद्यालय में मेरे विवेकाधीन कोटे से जो भी प्रवेश गरीब बच्चों के होते हैं, उनके अभिभावकों पर सुरक्षा, संरक्षण व वित्तीय भार की चिंता रहती है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि पिछड़े जनपद प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) में वित्तीय वÂ◌ाऱ् में एक केंद्रीय विद्यालय बालक और बालिकाओं के उच्च स्तर की शिक्षा हेतु निर्माण कराये जाने के लिए वित्तीय वÂ◌ाऱ् में धन आवंटन करने की कृपा करें।